बना 115 करोड़ हमारे जिले के अधिकारी लोगों ने बंदर बाट किया और 415 करोड रुपए मुआवजा दे दिया जहां मुर्गी नहीं तो वहां मुर्गी का पैसा मिल गया आप सोचिए किसी आदमी ने कभी सोचा कि किसी आदमी का 20 लाख रुपए शौचालय का मुआवजा मिला हो आप मेरे साथ चलिए मैं बताता हूं एक आदमी को उसके शौचालय का मुआवजा हमारे एसडीएम कार्यालय घरघोड़ा से 15 से 20 लाख रुपए मिला जिस जमीन में पेड़ पौधे हैं ही नहीं वहां यह बता दिया गया कि वहां 1500 से 3000 पेड़ है आज जिसका मुआवजा बना था एक करोड़ 5 लाख रुपए उसको मुआवजा मिला 16 करोड रुपए अब मामला बढ़ा तो छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट पहुंच गया सीबीआई के पास भी पहुंच गया यह मेरी जानकारी है जब अधिकारियों को अपने नाती पोतों के साथ खेलने के समय आएगा तब यह बिलासपुर के सेंट्रल जेल में दिखेंगे रानू साहू के बगल वाले रूम में जिस तरीके से भ्रष्टाचार जिस तरीके से रेवेन्यू के लोगों ने आपके कलेक्टर के ऊपर ऑब्जेक्शन लगाया कलेक्टर साहब के पास यहां जब सर्व हुए तो कोई स्ट्रक्चर नहीं बना हुआ था मुआवजा देने के बाद जब वहां समय आया मुर्गी का वहां कच्चे मात्रा पक्का मात्रा जमीन का डायवर्सन हो गया आ यह डायवर्सन किस लिए हुआ क्यों समय के तत्कालीन एसडीएम साहब जो थे एक डायवर्सन का एक एकड़ जमीन के 5 डिसमिल जमीन का वह 100000 रुपए अपनी फीस लेते थे और इस मंच के माध्यम से मैं कह रहा हूं कि उसे एसडीएम साहब ने घरघोड़ा से लगभग 300 करोड रुपए का भ्रष्टाचार किया किसानों के खाते में पैसा डालकर अब आप यह बताइए बजरमुडा में 80 प्रतिशत लोग बीपीएल है और अगर वह बीपीएल है तो उनका मुआवजा 400 करोड रुपए कैसे बन गया 15 एकड़ का 10 एकड़ का 20 एकड़ का तो बीपीएल का मापदंड क्या है गरीबी रेखा के नीचे और अभी भी वह बीपीएल है उतनी मुआवजे के बाद भी वह बीपीएल है और ईमानदारी से बता दूं कि बजरमुडा न्यू मुंबई है वहां किसके मकान मैडम नहीं बन रहे हैं बड़े–बड़े अधिकारियों के राजनेताओं के पूर्व के राज्यपाल थे उनके भतीजे का भी वहां ढाई एकड़ जमीन है कागज चाहिए कागज में दे दूंगा कागज मेरे पास तू जब राज्यपाल भ्रष्ट हो मुख्यमंत्री भ्रष्ट हो शिक्षा मंत्री भ्रष्ट हो पर्यावरण मंत्री भ्रष्ट हो उद्योग मंत्री भ्रष्ट हो तो ईमानदारी की बात हम किससे करें किस तरह इस देश के लोगों को न्याय मिलेगा और मुझे लगता है कि अगर अब भी अगर कार्यवाही तारण प्रकाश सिन्हा जी जब कलेक्टर थे रेत उत्खनन का 15 –15, 20–20 गाड़ी कलेक्ट्रेट के सामने खड़ी रहती थी और उसे समय पर आदेश था कि इनका एक महीने तक खाली रखो और और उसके बाद 30–30,40–40 हजार का जुर्माना लगाता था अभी भी एनजीटी के पूरे रेत खदानों को बंद करने के बाद भी महानदी और माण्ड नदी से हजारों टन रेत रोज निकल रहा है हर रोज पेपर में छप रहा है पर्यावरण मंत्री जो मेरे जिले के हैं आखिर इनको संरक्षण किसका है कौन इनका संरक्षण देता है रायगढ़ जिला में घर दुर्घटनाओं के अगर बात करें तो 73 मौतें हर महीने हो रही है और उसका मूल कारण है कि हमारे जिले में औद्योगीकरण कोयला खदान तो खुली पर इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं बड़ा आज भी रोड में चक्का जाम हो रहा है

सड़के नहीं बनी डीएमएफ का 1500, 1800 करोड रुपए होने के बाद भी कोयला प्रभावित क्षेत्र में डीएमएफ के मुताबिक आज भी सड़क नहीं बनी आखिर जिले का पैसा जाता कहां है हमारे जिले में दूसरे रानू साहू नहीं है ज्योति गिरी की किस तरीके से डीएमएफ के पैसे का हर कंपनियों से दो परसेंट के हिसाब से अमित कटारिया साहब के समय से सीएसआर का पैसा जिले में जमा करवा दिया जाता था और उसमें चक्रधर समारोह में कथक नृत्य करवाया जाता है अगर उस कत्थक नृत्य से मेरे को क्या लेना देना सामारूमा के लोगों को साफ पानी चाहिए स्कूल में गुरुजी चाहिए हमको उसे कत्थक मैसेज क्या लेना देना अभी मैं पढ़ रहा था जब चक्रधर समारोह में 25 लाख 30 लाख दे रहे थे काहे का नाचने का 35 लाख रूपये दिए मेरे को अगर 5 लाख दिए होते तो मैं उनसे बेहतर नाच दिया होता और पैसा डोनेट कर दिया होता शिक्षा स्वास्थ्य बिजली सड़क और पानी के लिए पैसा खर्च करना चाहिए डीएमएफ का पैसा नाच गाने में जिला विकास का पैसा नाच गाने में सीएसआर का पैसा नाच गाने में तो आप गांव के लोगों को 1993 से जो औद्योगिकरण हुआ उस गांव के लोगों को क्या मिला आपके जो दावे थे कि यहां औद्योगिकरण होगा यहां कोयला की खदानें खुलेंगे बड़े–बड़े यूनिवर्सिटी बनेगी बड़े–बड़े हॉस्पिटल बनेंगे 6 लाइन की सड़क बन जाएगी डॉक्टर इंजीनियर पैदा होने लगेंगे आज मैडम बता दूं यहां के लोगों में दरूहा फैला हुआ है गांजा पीके सड़क के किनारे पड़े रहते हैं बच्चे तो पड़े रहते हैं स्कूल के गुरुजी भी गांजा पीके पड़े रहते हैं अभी कल परसों लोगों ने शिकायत किया था कलेक्टर साहब से की गुरु जी दारू पीके आता है चटाई बिछा के सो जाता है शाम को चला जाता है तो यह तो हमारे शिक्षा व्यवस्था की बदहाल हुई और रायगढ़ जिले को छत्तीसगढ़ को नशा मुक्त करेंगे नशा मुक्ति का यह हाल है कि अभी राज्य सरकार ने एक निर्देश जारी किया जो भी आदमी 25 लाख रुपए जमा कर दे तो रेस्टोरेंट में भी अब शराब मिलेगी परोसी जाऐगी ऐ कहीं सरकार और पूंजी पतियों का मिली भगत तो नहीं है की जो वर्तमान पीढ़ी को नशे में इतना चुर कर दो के सरकार से और राजनेताओं से ना पूछे कि हमारे व्यवस्था क्या होगी हमारा रोजगार क्या होगा हमारा शिक्षा क्या होगा हमारा जंगल क्या होगा हमारा पहाड़ क्या होगा और यह बहुत मुश्किल समय है और मुझे लगता है कि अगर इस पर इन मुद्दों को लेकर यदि हम गंभीरता से काम नहीं किया तो आने वाले समय यह होगा रायगढ़ खास तौर पर लैलूंगा विधानसभा का क्षेत्र विधानसभा के नक्शे से जैसे सीरिया गायब हुआ था वैसे गायब हो जाएगा क्योंकि अभी 56 कोल माइंस अभी विस्थापित होने वाले हैं तो यह आपका पूरा कोल माइंस झींगोल के आगे आपका पूरा उधर हमीरपुर तक कोल माइंस में चला गया फिर 14 गांव फिर 14 गांव गुजरात पावर में चला गया फिर अभी इधर जेएसडब्ल्यू को गया है 14 गांव आपके इसमें महाजेंको में बचा कुछ जो दो–चार गांव जो बचे हैं जिंदल ले लेगा तो उनके पुनर्वास का कोई बात नहीं टांगर घाट में आप जाइए जिंदल ने किसान की जमीन को तीन तरीके से खोद दिया खोदने के बाद यह कह दिया कि गांव का साथ एकड़ जमीन जो पानी भरने से अन्न का एक दाना नहीं

होगा उसके जमीन में और जिंदल वालों को जब मैं बोलता था तुम इसकी बात मत करो हम ऊपर वालों को देख लेंगे यहां तो मरे हुए आदमी का रजिस्ट्री हो रही है 2019 में यहां एक आदमी कोरोना में मर गया और 2024 में जिंदल ने उसका एक भालो करके है एक महामहीम हैं मुझे लगता है कि वह पैदा नहीं हुए हैं वह आए हैं वह मरे हुए आदमी को कोर्ट में तहसील में घरघोड़ा में खड़ा करके उसकी 3.5 एकड़ सावित्री नगर की जमीन बिक्री नकल भी निकल जाता है रजिस्ट्री हो जाती है नाम भी ट्रांसफर हो जाता है और जिम्मेदार कौन है जब बड़े लोगों की गर्दन फसती है तो जिम्मेदार उसे राजस्व विभाग का पटवारी वन विभाग का नाका और पुलिस विभाग का सिपाही यह दोषी हैं अगर पुरस्कार मिला मिलेगा तो क्या होता रायगढ़ जिले के कलेक्टर को भारत सरकार बुलाती है वह चित्रमाला देती है तब वह गांव का सीईओ को पटवारी को नहीं बुलाती है इधर डीएफओ साहब लेंगे इधर एसपी साहब को मिलेगा परंतु जब उनके ऊपर कोई बात आए तो पटवारी को दो पटवारीयों को बाजरमुंडा में सस्पेंड करके जिला प्रशासन ने अपनी जांच की फाइल लंबित कर दे पटवारी ठीक है उसकी बिक्री कर दिया ठीक है तो आरआई क्या कर रहा थ जांच किया जब उसकी जमीन का रजिस्ट्री हुई तो रजिस्ट्रार क्या कर रहा था तहसीलदार क्या कर रहा था एसडीएम साहब क्या कर रहे थे कलेक्टर रायगढ़ जिले के क्या कर रहे थे वह भी बोले होंगे भीम सिंह सहाब टाइप के मेरे लिए भी 3 एकड़ जुगाड़ करो भाई ले लेते हैं। उसे जिस क्षेत्र भी बजरंगुड़ा में है कलेक्टर साहब का एसडीओ साहब का फॉरेस्ट का पटवारी का आर आई का किसकी जमीन नहीं है और धारा चार लगने के बाद इनका डायवर्सन भी हो गया जो की धारा 4 क्या कहता है धारा चार में जो यथा स्थिति जमीन है उसे यथा स्थित जमीन को नहीं बदल सकता फिर पेसा एक्ट कानून आता है पेसा एक्ट कानून यह कहता है अब एक सूचना का अधिकार लगाने के बाद एसडीएम कार्यालय से एक जवाब आया मैडम उन्होंने लिख कर दिया है और उसको हाई कोर्ट में हमने या याचिका का के रूप में लगाया है उन्होंने कहा कि खनन क्षेत्र के लिए किसी भी ग्राम सभा की अनुमति की जरूरत नहीं है अभी पिछले महीने जो जमीन का भू अर्जन नया रायपुर में हुआ था वहां एक किसान ने बिलासपुर हाई कोर्ट में एक याचिका लगाई थी उसने बिना ग्राम सभा के अनुमति के बगैर भू अर्जन किए हुए जमीन को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने वापस करने का आदेश दिया है तो क्या एसडीएम साहब को आदेश को नहीं पड़ा है मैं भेजा हूं उसको व्यक्तिगत भेजा हूं फिर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने अभी कहा कि ग्राम सभा के अनुमति को कलेक्टर परिवर्तित नहीं कर सकता क्या वह भी गलत है और पैसा एक कानून का पेज क्रमांक 16,17, 18 भू राजस्व के नियम को राजस्व विभाग के एसडीएम को पढ़ना चाहिए उसमें लिखा है कि ग्राम सभा 15 दिन पहले आपको सूचना देना पड़ेगा की किस बात के लिए ग्राम सभा हो रहे हैं उसमें कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में मिनिमम नायब तहसीलदार को उस ग्राम के ग्राम सभा में शामिल होना है पांचवी अनुसूची क्षेत्र में कुल मतदाताओं का 80 प्रतिशत उसमें 33 प्रतिशत महिलाओं का होना अनिवार्य है और जो ग्राम सभा का निर्णय

होगा वह अंतिम होगा अगर किसी कारणवश ग्राम सभा में लोग उपस्थित नहीं होते और भू अर्जन से संबंधित अगर मामला है तो उसे ग्राम सभा को निरस्त करके अगले 6 महीने बाद कराई जाएगी पढ़िए मैं बता दे रहा हूं जो मैं पढ़ा हूं पेसा कानून के अंदर फिर राज्य सरकार ने एक निर्देश दिया गया क्या था मैडम एसआईआरटी में एक मिस्टर जयसवाल है फैकल्टी है वहां के वहां एक पेसा एक्ट कानून को लेकर एक प्रशिक्षण चल रहा है उन्होंने मुझे कहा कि त्रिपाठी जी पेसा एक्ट कानून को लेकर मटेरियल दिलाई कुछ तो गांव में ग्राम सभा करके आधारभूत मटेरियल तैयार किया और उनको भेजो कि मेरे हाथ में सरकार के निर्देश हैं कि ग्राम सभा में पेसा एक्ट कानून का नहीं होगा इसके बाद आपके पंचायत सचिव ने उसे लेटर को लगाते हुए सभी कलेक्टरों को भेजा है कि पेशा एक्ट क्षेत्र में जन जागरूकता लाने के लिए सभा मीटिंग रैली जुलूस प्रशिक्षण किया जाए और पेशा एक्ट क्षेत्र में ग्राम सभा द्वारा निर्णय को अंतिम रूप से लागू किया जाए यह राज्य सरकार के निर्देश हैं तो अगर यह उनके निर्देश हैं और मजे की बात यह है कि अभी जो सरगुजा में जो हुआ जब प्रशासन की जो दादागिरी चलती है वहां एक महिला सरपंच थी एसडीएम साहब और कलेक्टर साहब को कमीशन नहीं दे रही थी निर्माण कार्य का एसडीएम साहब ने धारा 40 में उस महिला को सरपंच पद से हटा दिया आप महिला लड़ते–लड़ते सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए अभी 5 दिन पहले निर्णय आया सुप्रीम कोर्ट का कि उसे सरपंच को यथा स्थिति रखने का आदेश दिया और जो जिला प्रशासन और जो एसडीएम ने जो उसने पृथक किया था उसके सैलरी से काटकर उसे महिला को 100000 रुपए का भुगतान किया जाए यह अभी जशपुर में हुआ तो यह भी एक प्रश्न है की धारा 40 में आप सरपंच को बाहर कर दोगे और उसी पंचायती राज में धारा 45 में लिखा है की पांचवी अनुसूची क्षेत्र में बिना ग्राम सभा और ग्राम पंचायत के अनुमति कि आप पैर नहीं रख सकते चाहे कलेक्टर रहो की मुख्यमंत्री रहो चाहे कोई भी रहो तो फिर आप बिना पूछे कैसे चले गए तो पैसा एक्ट कानून की जो यह दुर्गति है अभी हम कल से कोशिश कर रहे हैं देश भर में जो अलग–अलग क्षेत्र में पीएचडी किए रहते हैं जो पर्यावरण क्षेत्र में काम करते हैं रसायन के क्षेत्र में जूलॉजी है बॉटनी है ऐसे लोगों की टीम अभी पहुंच रही है रायगढ़ अभी 11:00 बजे और उनके साथ हम रायगढ़ के पर्यावरणीय स्थिति का अध्ययन कर रहे हैं और आने वाले समय में क्या किया जाए उसकी पूरी रणनीति तैयार कर रहे हैं कई लोग बोलते हैं कि आप इतना लंबा क्यों बोलते हैं इस इआईए को तीन बार पढ़ चुका हूं 750 पेज का है और इसी ईआईए के अंदर असलियत यह है सर इस क्षेत्र में कोई ईआईए नहीं बनता नलवा की जनसुनवाई 2006 में हुई थी उसके बाद से बस कंपनी का नाम बदल जाता है एड्रेस बदल जाता है इसके बाद इआईए में कोई परिवर्तन नहीं होता इस क्षेत्र में इतने आंगनवाड़ियां है उसे उसमें पढ़ रहे बच्चों का कोई हेल्थ चेकअप नहीं इस क्षेत्र में 40 से 50 स्कूल हैं उन बच्चों को कोई डाटा नहीं तो हम किसी का विरोध नहीं करते यह आया क्रिटिक है और क्रिटिक होने के नाते इस इआईए को फाइनल रूप देने के लिए इस क्षेत्र का

नागरिक होने के नाते मेरी जिम्मेदारी होती है कि जब भी फाइनल आया बने तो जो चीज इस क्रिटिक ईआईए में छूट गया है उन चीजों को फाइनल ईआईए में जोड़ा जाए उसके बाद सरकार को अंतिम ईआईएए दिया जाए केंद्रीय वन पर्यावरण मंत्रालय इस क्षेत्र के लोगों को संवेदना रूप से देखते हुए विचार करें की पर्यावरणीय अनुमति देना है कि नहीं देना है नैतिक जिम्मेदारियां की जय हिंद जय भारत।

453. जयंत बहिदार, रायगढ़ – आदरणीय पिठासीन अधिकारी पर्यावरण महोदय फिर से अपना नाम बताता हूं जयंत वहीदार सामाजिक कार्यकर्ता रायगढ़ जिला हम छत्तीसगढ़ के कई जिलों में जाते हैं बहुत–बहुत धन्यवाद राजेश त्रिपाठी भाई आपने रायगढ़ जिला और खासकर इस आदिवासी जिले की जो पर्यावरण की बुरी हालत है और और जो उद्योगी का दुष्प्रभाव इस क्षेत्र में जनता किसान खेत जंगल आदि पर पड़ा है उसको बताया बहुत विस्तार से और शासन प्रशासन को कटघरे में खड़ा किया मेरा ऐसा विश्वास है कि क्षेत्र के लोग इस लोक सुनवाई में उपस्थित नहीं है प्रशासन के लोग हैं पर्यावरण विभाग के लोग हैं उनको कुछ समझ में आएगा जो बोला जाता है कहा जाता है सुझाव दिए जाते हैं विचार व्यक्त किए जाते हैं औ और डरते नहीं प्रभावित लोगों को जरूर प्रभावित करेगा आदरणीय महोदय आज आप लोग मैसेज इसके लिए स्टील्स एंड पावर लिमिटेड ग्राम पूंजीपथरा में स्थित है आपके इस लोक सुनवाई स्थल के सामने है उसके विस्तार की जनसुनवाई आप करा रहे हैं इस लोक सुनवाई के लिए भारत सरकार ने जो ईआईए अधिसूचना 2006 उसके बाद उसमें संशोधन हुए हैं पर्यावरण विभाग के द्वारा जो जारी हुआ लागू है उसके प्रावधानों का पालन होना चाहिए और किसी विस्तार परियोजना विस्तार परियोजना के लिए भारत सरकार पर्यावरण मंत्रालय द्वारा टर्म्स एंड रेफरेंस जारी किया गया है दो बार एक बार दिनांक 19.02.2022 को और दूसरी बार अमेंडमेंट करके दिनांक 06.03.2024 को मैं इसलिये इसको नहीं बोल रहा हूं केवल परियोजना का ड्राफ्ट रिपोर्ट है फाईनल नहीं है इसका सार है इसका उद्देश्य भी पढ़ रहा हूं। इन्हाने ईआईए रिपोर्ट भी आर को शामिल करके बनाने का दावा किया है। उन्होनें इस प्रस्तावित परियोजना के कंसल्टेंट ने और प्रस्तावक ने न तो ड्राफ्ट इआईए रिपोर्ट बनाते समय भारत सरकार द्वारा जारी इआईए अधिसूचना 2006 का पालन किया है और न ही टर्मस ऑफ रिफरेंस आदेश का कम्प्लायेंस किया है। इन्होने नहीं किया यह घोर अन्याय है। उन्होने इनके शर्तो का समावेश भी नहीं किया झूठी रिपोर्ट बनाया है मैं इस आधार पर आपसे अनुरोध करता हूं कि ये लोकसनुवाई को स्थगित किया जाये क्योंकि इन्होने प्रावधानों का पालन नहीं किया। पहले बाताये हैं इन्होने जो टीओआर जारी किया है भारत सरकार ने 19.02.2022 और एक 01 मार्च से 06 मार्च 2024 का इन्होने कहने का मतलब है कि प्रस्तावित परियोजना के लिए प्रस्तावक ने जो इआईए बनाया जो कंसल्टेंट ने बनाया है उससे संबंधित है। कंसल्टेंट ने यह दावा किया है कि हमने 01 अक्टूबर 2021 से 31 दिसंबर 2021 तक हमने पर्यावरणीय अध्ययन किया है 10 किलोमीटर के परिधी में परियोजना से 10 किलोमीटर के रेडियस में डाटा कलेक्शन किया है। और 01 मार्च 2024 से 31 मार्च 2024 तक

पर्यावरण अध्ययन करने का उन्होने दावा किया है रिपोर्ट में इन्होने लिख दिया है। हमारा कहना है यह झूठी रिपोर्ट है। क्योंकि जो कंसल्टेंट कंपनी है मेसर्स इनवारोटेक प्राइवेट लिमिटेड इस रिपोर्ट में संलग्न किया है। 21 अक्टूबर को एम माह में एक दिन के लिए अध्ययन किया है और उन्होने डिक्लेरियेशन किया है। मैं इसकी कॉपी दिया हूं आप देखेगें, उन्होने हस्ताक्षर किये हैं दिनांक नहीं दिया अक्टूबर 2021 और उसके बाद नवम्बर एवं दिसम्बर 2021 में अध्ययन नहीं किया है। छः माह से उन्होने 31 मई तक अध्ययन करने का दावा किया है ओ भी नहीं किया है आप उसको देखेंगें। भारत सरकार के पर्यावरण वन मंत्रालय द्वारा कंसल्टेंट के लिए जितने हमारे देश है उनके लिए उनके जो विशेषज्ञ है वैज्ञानिक हैं उनके लिए लाइसेंस जारी करते हैं और उसकी भी अवधि होती है। उन्होने जारी किया है भारत सरकार ने इस मेसर्स इन्वायरोटेक प्राइवेट लिमिटेड के जो विशेषज्ञ को लाइसेंस जारी किया है वो 15 नवम्बर 2018 के आदेश के अनुसार उनकी लाइसेंस की अवधि दिनांक 14 नवम्बर 2023 को समाप्त हो गया है। कन्सल्टेंट को और यहां पर अपनी प्रस्तुती करने स्पष्टीकरण देने पर्यावरण की रिपोर्ट की जानकारी देने का अधिकार नही है और न तो 01 मार्च 2024 से 31 मार्च 2024 तक जो पर्यावरण का अध्ययन किया है उसको बनाने का इनको अधिकार नही है वह गैर कानून है। इसकी भी कॉपी हमने लगाया है। इस तरीके से जो इआईए इन्होने बनाया है वह झूठी है। अब दूसरी बात पर आते हैं इआईए अधिसूचना 2006 के पैराग्राफ 7 के तहत् परिशिष्ट 4 देखेंगें उसमें बिन्दु क्रमांक 7.1 में बताया है कि आवेदन के प्रस्तावक से अनुरोध पत्र प्राप्ति दिनांक से 45 दिनों के अंदर जनसुनवाई होनी चाहीये। इसका कई जनसुनवाईयों में पालन नहीं हुआ है आज भी इसका पालन नहीं हुआ है इसलिये भी लोकसुनवाई को स्थगित करना चाहिये। और दूसरी बात है कि उसी परिशिष्ट 4 के अंतर्गत 7.2 बिन्दु में 45 दिनों के अंदर यदि लोकसुनवाई पर्यावरण विभाग नहीं पूरा करता है तो केन्द्र सरकार दूसरे किसी अधिकरण को इस लोकसुनवाई को पूरा करने के लिए सौंप सकता है। इसका पर्यावरण विभाग ने पालन नहीं किया। ये जैसे राजेश त्रिपाठी जी ने बताया कि देश में पेसा कानून यहां प्रभावशील है। भारत सरकार की पांचवी अनुसूची यहां पर लागू होता है ये आदिवासी अनुसूचीत क्षेत्र है। यहां इस क्षेत्र में 50 प्रतिशत से अधिक आदिवासी निवास करते हैं जो खेती किसानी से जुड़े हुए हैं वनोपज संग्रह कर आजीवीका चलाते हैं यहां ग्राम सभा अनिवार्य है, और उससे अनुमति लेना अनिवार्य है। परंतु इस परियोजना के लिए पूंजीपथरा और तुमिडीह के ग्राम पंचायत से अनुमति प्राप्त नहीं किया गया है और यदि किया गया है तो उसको बताना चाहिये बताया जाये। इस इआईए में मेरी आपत्ति है। प्रस्तावित परियोजना के लिए आप लोगों ने लिखा है। यहां जिनका प्लांट है पिछले 20 वर्षो से अधिक हो गया उसमें इन्होने बताया है और उसमें हम आपको बताना चाहते हैं। इनकी जो पुरानी ऊर्जा प्लांट है जिसमें ग्रीनबेल्ट एक तिहाई क्षेत्र में नहीं है पालन नहीं गया है शर्तो का और मौजूदा प्लांट के लिए जो संचालित है उसकी कृषि भूमि पर संचालित है उसका डायवर्सन नहीं हुआ है। मौजूदा प्लांट और प्रस्तावित परियोजना के लिए

दोनो का भूमि मिलाकर 92 एकड़ भूमि 37.23 हेक्टेयर और इस तरह से 92 एकड़ भूमि इन्होने बताया है की इतना भूमि लगेगा। उस भूमि का ग्राम वार खसरा नं. नहीं है और कितने खसरे में है वह नहीं बताया है। आप लोग बिना जमीन खसरा का चिन्हांकन किये जनसुनवाई करते हैं यह अवैध है। और प्रक्रिया को पर्यावरण मंत्रालय पूरी करती है यह अवैध है। अगर पर्यावरण मंत्रालय यदि नहीं देखता है तो जिला प्रशासन को देखना चाहीये हो सकता है जो उन्होने खसरा नं बताया है जो खसरा नहीं बताया है ऐसी ही बताया है 92 एकड़ मौजूदा प्लांट और प्रस्तावित प्लांट विस्थापित होगा हो सकता है वह भूमि सरकार की भूमि हो गौचर की भूमि हो छोटे बड़े झाड़ जंगल की भूमि हो वन भूमि हो नदी तालाब की भूमि हो क्या जांच किया है इसका मैं इसलिये बोल रहा हूं। जब हम पिछले दिनों गांवों में चर्चा करने आये थे इस प्लांट का दर्शन करने आये ग्रामीणों से मिलने तो पता चला ये नाला बहती है ये जो हमारा पूंजीपथरा थाना है उसके दक्षिण दिशा में एक नाला बहकर आती है और ओ प्रस्तावित स्थल के पास से यह जाकर के पीछे कोई गांव है वहां पर बांध है 5 गांवों का सिंचाई होता है उसी पानी में अभी तो बांध सूख गया है निश्चित ही बरसात में वह बहुत बड़ा तालाब दिखता है और पांच गांवों में सिंचाई होता है। तुमिडीह से हर्राडीह तक जाता है आस पास के 5 गांव में जाता है सरकार का बांध है इसको पाट रहा है ये जो इंडस्ट्रीयल पार्क है ये जो जिंदल इण्डस्ट्रीयल पार्क वहा से संचालित है एक प्लांट मेसर्स तिरूमाला बालाजी प्लांट है ओ पटवा रहा है इसे। आपने ये जनसुनवाई स्थल में जो बजरी दिया था कोयला का जो रेत है चुरा है इसको वह पाट रहा है बांध में और वह तिरूमाला ही पाट रहा है आपको मैं बता दे रहा हूं तिरूमाला फैक्ट्री में ही उत्पादन होता है इसको पाटा जा रहा है मैं थाना गया थाने में रिपोर्ट किया हां यह तो दिख रहा है और इस पूंजीपथरा गांव से तुमिडीह गांव से उस पर एक पैदल तथा मोटर सायकल जाने का भी रास्ता था उसको भी पाट दिया। पूरा नाला को पाट रहा है आप जिस रस्ते से आ रहे हैं आपको वह रास्ता नहीं बताया गया है। तिरूमाला कंपनी ने पाटा है उसको आप उस रास्ते पर नहीं आ सकते आप इधर से आये है ये सामारूमा जाने वाले रास्ते में इधर से आप आये हो उसकी भी पावती मैने दिया है। मेरा यह गुजारिश है कि यह भी पर्यावरण का मामला है नाले को पाट देना। सरकारी नाला है गांव का सार्वजनिक संपत्ति है देश का संपत्ति है जिसका पानी जाकर वहां पर मिल रहा है। तिरूमाला के उपर कानूनी कार्यवाही होनी चाहीये हमको समय नहीं मिला कलेक्टर साहब को देने जाने के लिए पर देंगे आपको सूचित कर रहा हूं अगर प्रशासन के संज्ञान में आ गया तो कानूनी कार्यवाही होनी चाहीये आपको लिखित में दे रहे हैं। वहां एक राजेन्द्र सागर नाम का एक लड़का है निवासी है उसका भी एक एकड़ जमीन को पाट दिया है तिरूमाला बालाजी ने उसके जो ठेकेदार पाटने का काम कर रहे थे पूंजीपथरा के है वों दो लोग मजदूर है दो भाई हैं एक है बता रहा हूं मै उनका नाम पूंजीपथरा के है दोनों एक गंगाराम माझी और संगीत मांझी मैने नाम से रिपार्ट किया है क्योंकि मैने देखा है डंफर से पाट रहा था। मैं बयान दे दूंगा और कंपनी के

खिलाफ बयान दूंगा जो यहां पटवा रहा है नाली को। और हो सकता है ओ भी जनसुनवाई करवाये तुमिडीह बांध को पाटकर के। प्रस्तावित इस परियोजना के 10 किलोमीटर के परिधी में आप कहते हैं न बंजारी मंदिर है 10 किलोमीटर के परिधि में बंजारी मंदिर के इधर आता है। जंगल है यहां पर संरक्षित एवं आरक्षित वन है यहां पर ये सब प्रभावित हो रहे हैं। आप बोल रही होगीं की जयंत बहिदार बहुत बोलता है मैं तो आपका सम्मान करता हूं। आप लोग तो अधिकारी है आप दोनों का मैं बोलूं क्या यहां तो बालने के लिए जनता है ही नही। प्रशासन का काम था कि आस–पास के 10 किलोमीटर के दायरे के लोग आये आपने तो प्रचार ही नहीं किया लोगों को बताया नहीं कि इस उद्योग से क्या फायदा होगा और इसके कारण जो भयावह स्थिति पैदा होगी जो गांवों पर प्रभाव पड़ेगा यहां के जन जीवन पर यहां के जंगली जीवों पर वनस्पति पर कितना वनोपज खर्च होगा लोगों की आजीविका छिन जायेगा ये तो बताया नहीं गावं वाले इसलिये नहीं आये। और दूसरी बात की आपकी जनसुनवाई का कोई परिणाम नहीं निकलता। इसके लिए भी आप जिम्मेदार है तो मैं कितने जोर से भी बोलूं। हांथी इस क्षेत्र में आते हैं इस परियोजना के 10 किलोमीटर के परिधी में हाथियों का आना जाना है गांवों में नुकसान करते हैं लोग मारे जा रहे हैं और सबको प्रशासन को मालूम हैं। परंतु छत्तीसगढ़ सरकार भारत सरकार हाथियों का गलियारा घोषित नहीं कर रहा है। जंगली हाथियों ने गलियारा बना लिया है पिछले 25–30 सालों में उनके आने जाने का मार्ग स्थायी है ओ साल में कई मरतबा आना जाना करते हैं वह उनका स्थाई है हमारे छत्तीसगढ़ में धरमजयगढ़, अंबिकापुर, जशपुर, कोरबा आना जाना है पुरे छत्तीसगढ़ में जंगलों का प्रदेश है आदिवासी बाहुल्य जनता का प्रदेश है। यहां का पर्यावरण अच्छा था। आप लोगों के कारण आप लोगों के ढिलाई के कारण प्रशासन पर आरोप लगता हूं इनकी निष्क्रियता के कारण बेतरतीत फैक्ट्री स्थापित हो रहे हैं पर्यावरण को बहुत नुकसान पहुंचा रहे है लोगों का जीना हराम हो गया है। प्रस्तावित परियोजना के लिए इन्होने अपने इआईए रिपोर्ट में 05 बोरवेल अनुमति का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया है। केन्द्रीय भू जल प्राधिकरण से अनुमति प्राप्त है। मालूम है आप देख रहें उसको देखिये उसको ओ 05 बोलवेल की जो अनुमति है उसकी वैधता तिथी खत्म हो गई है उसकी वैधता तिथी 31.05.2024 को समाप्त हो गई है जो पिछले समय में खत्म हो गया है आप बोलेगें की नया अनुमति मिल जायेगा बता दिजिये एमेंडमेंट हो गया कल आया परसों आया कब आया। अगर इआईए रिपोर्ट बनने तक कोई अनुमति या एनओसी नहीं मिला है तो लोकसुनवाई नहीं कर सकते कहां है वो बोरवेल की अनुमति कहां है। हम तो प्रशासन को सहयोग करना चाहते हैं करते हैं हम तो प्रावधान है उसको भी बताते हैं आप बोलोगे की पर्यावरण के बारे में बोलों ओ राजेश त्रिपाठी जी मुझसे ज्यादा बोलते हैं ओ पर्यावरण की खामियों को पर्यावरण से जो नुकसान होगा उसको बोलते हैं। मैं उसको कितना बोलूंगा। मैं लोक सुनवाई स्थगित हो मैं उसी बात को बोलता हूं जिससे लोक सुनवाई को स्थगित करना चाहीये वाहीं प्रावधानों को उसी बात को बतलाता हूं पर आप लोग

लोकसुनवाई को स्थगित करते नहीं हैं प्रावधान होते हुए भी। लोकसनुवाईयों को स्थगित किया जा सकता है अगर ऐसी परिस्थितियां बने। यदि ठोस कारण हो तो लोक सुनवाई को स्थगित किया जा सकता है लेकिन आप करते नहीं हैं इनके पास लाइसेंस नहीं है अनुमति नहीं है फिर भी आप लोग जनसुनवाई को स्थगित नहीं करेंगें। इन्होने कहा कि फ्लाई ऐश जो निकलेगा इस प्रस्तावित परियोजना में सीमेंट और ईंट निर्माण के लिए देंगें कारखानों को पुराना जो इनका प्लांट है डीआरआई स्पंज आयरन प्लांट चल रहा है तो उसममें कितने लोगों को फ्लाई ऐश दिया क्या प्रमाण पत्र है उसका। ईंट बनाने के लिए सीमेंट फैक्ट्री में सीमेंट बनाने के लिए प्रमाण पत्र लगाया है इन्होने मौजूदा प्लांट है नहीं लगाया है। तो मेरा कहने का मतलब यह है कि ये सब रिपोर्ट लाना था आप लोगों को जांच करना चाहीये। आदरणीय एसडीएम साहाब नमस्कार। ये जो खामियां है इनसे जवाब तलब करिये और फिर भेजिये पर्यावरण मंत्रालय में प्रस्तावित प्रस्तावित परियोजना के लिए इन्होंने बताया कि 1800 व्यक्तियों को नौकरियां देंगे नियमित भी संविदा भी मौजूदा प्लान में कितने लोग करते हैं संविदा कितने हैं नियमित कितने हैं यह सब नहीं बताएं हैं कितना वेतन देते हैं उनका भविष्य निधि कितना कटता है बेसिक क्या सुविधा है कुछ नहीं आप पूछिऐ उनसे जो मौजूदा प्लांट उसे पर क्या सुविधा है उसके बाद ही तो नये प्लांट के विस्तार की अनुमति देंगे और है भी मैं आ रहा हूं उस पर तीन चिमनियों का इन्होंने बताया कि तीन चिमनियों का अनुमति मिला है पिछले इन्वायरनमेंट क्लीयरेंस में बताया है शायद दो चिमनी चल रहा है एक चिमनी अभी चालू नहीं किया है कोई बात नहीं इस प्रस्तावित परियोजना के लिए नौ चिमनी लगाने का इन्होंने दावा किया है। तो इस तरह से 12 चिमनी हो गया इस प्लांट में उत्पादन क्षमता 5 गुना से अधिक होगा अभी वर्तमान प्लांट का जो उत्पादन क्षमता है उसे 5 गुना उत्पादन क्षमता होगा 5 गुना से अधिक जल लगेगा पानी लगेगा 5 गुना से ज्यादा कोयला लगेगा बताइए कितना प्रदूषण फैलेगा और यह कहते हैं कि हम जो प्रदूषित पानी जल है हम हम इसको बाहर नहीं भेजेंगे रोक के रखेंगे इन्होंने यह नहीं बताया कि प्लांट के अंदर सिंचाई होगा वृक्षारोपण पर ग्रीन बेल्ट पर और सड़कों पर धूल उड़ने से रोकने के लिए आपको मालूम है आप ईआईए निकालिए हम अंग्रेजी माध्यम तो नहीं जानते हिंदी में यह लिखा है यह जो निरर्थक उद्देश्य है उनको इन्होंने ब्रैकेट में लिया है जल जो है प्रदूषण जल या वेस्ट जल इसको निरर्थक उद्देश्यों के लिए हम उपयोग करेंगे निरर्थक उसमें ग्रीन बेल्ट में सिंचाई धूल न हो सड़कों पर यह कर लेंगे क्या आप कैसे बनाते हैं ईआईए अंग्रेजी के जो बुक है ना ईआईए उसमें लिखा है नान क्रिटिकल पर्पस अगर इस निर्थक उद्देश्य मानते हैं तो मैं कभी भी और लोकसुनवाई में नहीं जाऊंगा जान लीजिए सर आप दोनों भी तो अंग्रेजी जानते हैं एसडीएम साहब को भी बुला लीजिए अगर नॉन क्रिटिकल पर्पस को हिंदी में निरर्थक उद्देश्य कहते हैं तो बता दीजिए ऐ नान क्रिटिकल पर्पस को आप निरर्थक उद्देश्य बता देंगे वृक्षारोपण में ग्रीन बेल्ट में पानी देना या सड़कों पर पानी के छिड़काव करना यह निरर्थक उद्देश्य हो गया धूल उड़ेगा तो प्रदूषण होगा लोगों के

साथ में जाएगा फेफड़ों में जाएगा इसलिए तो पानी छिड़का जाता है आप उसको निरर्थक उद्देश्य बोलते हैं हो सकता है तकनीकी चीज ना हो मशीन चलाने के लिए कैपटिव पावर प्लांट चलाने के लिए पानी उपयोग ना होता होगा प्रदूषित पानी है वेस्ट पानी है तो आप उसको निरर्थक बोलेंगे हद हो गया जी सर अगर मैं गलत बोल रहा हूं तो आप मेरे को टोकिऐ हो सकता है हो मेरे से गलती हो गया हो पढ़ने में समझने में आप भी बोलिए ना कर पर्यावरण अधिकारी महोदय आप बोलिए ताकि हमको शिक्षा मिलेगी मैं आपको बोल रहा हूं आदरणीय साहू सर मैं गलत अगर बोल रहा हूं तो आप टोक देना न सर ताकि हमको सिखने के लिए मिले तो मैंने पहले ही बताया कि मौजूदा प्लांट में 33ः क्षेत्र पर ग्रीन बेल्ट विकसित नहीं किया है अभी प्लांट वाला पूछ लो बहुत पतले पतले वृक्ष इतने छोटे–छोटे पेड़ होंगे जो उसने बीच को छिड़क दिया होगा तो अभी जो बरसात गई है उसमें ऊग गया होगा और एक चीज मैं आपको बता रहा हूं प्लांट वाले अपने प्रशासनिक सुविधा के लिए जहां ऑफिस का उसके लिए बहुत वृक्ष लगा देते हैं ताकि वहां उसे धूल है हमारे फैक्ट्री का वह मत है मगर ग्रीन बेल्ट का मतलब एक जगह 10000 वृक्ष लगाने का नहीं जैसे इन्होने दावा किया है यह नहीं है जितनी जमीन है इसका एक तिहाई रेडियस में चारों तरफ 7 मीटर 7.5 मीटर 10 मीटर 15 मीटर चौड़ाई का ग्रीनबेल्ट बनाकर लगाना है केवल अपने बचाव के लिए नहीं बोर कर रहा हूं क्या साहू साहब तो अपने ऑफिस में अपने अफसर को बचाने के लिए वृक्षारोपण नहीं होता है पर्यावरण को बचाने के लिए इसलिए वैज्ञानिकों ने सरकार ने यह प्रावधान रखा है की परियोजना के चारों तरफ ग्रीन बेल्ट लगाकर इसलिए एक तिहाई जमीन भूमि आरक्षित किया है वह 5, 10 प्रतिशत भूमि से नहीं होगा 5, 10 प्रतिशत जमीन पर आप वृक्षारोपण कर दिए और पूरे प्लांट की तरफ से प्रदूषण है धूल डस्ट है हवा में जा रहा है पूरे जिले में लगता है आप लोग बोर हो रहे हैं अधिकारी महोदय प्रस्तावित परियोजना जो बताया गया वह पूरा होता है आप लोग मंजूरी देते हैं भारत सरकार मजबूर करता है तो क्षेत्रीय पर्यावरण को बहुत नुकसान होगा यहां के लोगों को हमारे जिले के लोगों को साफ हवा में सांस लेने का मौलिक अधिकार है आपको भी आपको भी साफ वातावरण में स्वच्छ हवा लेने का मौलिक अधिकार है मैं मानव अधिकार आयोग में जाऊंगा एक मेरे मित्र सदस्य बन गए हैं मैंने मौखिक बात किया और उसको बधाई भी दिया क्यों मानव अधिकार आयोग सदस्य बने बोला भाई मैं आऊंगा कोई शिकायत होगा तो जरूर आओ बोले यह भी करूंगा की रायगढ़ जिले में शुद्ध हवा लेना हमारा मौलिक अधिकार है मैं शिकायत करूंगा जहां–जहां पहुंच सकते हैं जाएंगे मेरा यह मांग है कि जनसुनवाई को यही स्थगित करिए मजदूरों के लिए मत भेजिए धन्यवाद। सर मैंने पहले प्रार्थना किया है कि कागज 10 का दस्तावेज रखने के लिए एक डेस्क उसको रखवाएंगे प्रार्थना है सर क्योंकि आप तो रोकोगे नहीं परियोजना के लिए जनसुनवाई को मगर जनता को सुविधा होगा बस इतना ही मेरा आपसे प्रार्थना है धन्यवाद।

454. कौशल पटेल, सामारूमा – मेसर्स स्केनिया स्टील्स एण्ड पॉवर्स प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

455. मलिजित तिर्की, पूंजीपथरा – मेसर्स स्केनिया स्टील्स एण्ड पॉवर्स प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

456. जमुना, पूंजीपथरा – मेसर्स स्केनिया स्टील्स एण्ड पॉवर्स प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

457. कन्हैया गुप्ता, तुमीडीह – मेसर्स स्केनिया स्टील्स एण्ड पॉवर्स प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है और धन्यवाद देता हूँ प्लांट और आना चाहिये।

458. मुकेश राठिया, तुमीडीह – मेसर्स स्केनिया स्टील्स एण्ड पॉवर्स प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

459. पंचराम मालाकार, तराईमाल – मेसर्स स्केनिया स्टील्स एण्ड पॉवर्स प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

460. शिवचंद्र साहू, गोदगोदा – मेसर्स स्केनिया स्टील्स एण्ड पॉवर्स प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

461. खीरसागर मालाकार, तराईमाल – मेसर्स स्केनिया स्टील्स एण्ड पॉवर्स प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है। रोजगार के अवसर बढ़े है लोग सुंदर जीवन यापन कर रहे है।

462. श्यामदास महंत, छर्राटांगर – मेसर्स स्केनिया स्टील्स एण्ड पॉवर्स प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

463. होलेश्वर – मेसर्स स्केनिया स्टील्स एण्ड पॉवर्स प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन है।

पीठासीन अधिकारी महोदया ने कहा कि यदि कोई ग्रामीणजन, आस–पास के प्रभावित लोग अपना पक्ष रखने में छूट गये हो तो मंच के पास आ जाये। जनसुनवाई की प्रक्रिया चल रही है। उन्होने पुनः कहा कि कोई गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधी छूट गये हो तो वो आ जाये। इस जन सुनवाई के दौरान परियोजना के संबंध में बहुत सारे सुझाव, विचार, आपत्ति लिखित एवं मौखिक में आये है जिसके अभिलेखन की कार्यवाही की गई है। इसके बाद 02.30 बजे कंपनी के प्रतिनिधि/पर्यावरण कंसलटेंट को जनता द्वारा उठाये गये मुद्दो तथा अन्य तथ्यों पर कंडिकावार तथ्यात्मक जानकारी/स्पष्टीकरण देने के लिये कहा गया।

श्री जे.के सिन्हा कंसल्टेंट इन्वायरोटेक प्राइवेट लिमिटेड– नमस्कार आप लोगों ने जो यह जनसुनवाई हुई सारी कमियों को नोट किया जो भी कमियां हैं उसको मैं बताना चाहूंगा भारत सरकार पर्यावरण वन मंत्रालय की जो अधिसूचना है उसके अनुसार यह ड्राफ्ट इआईए रिपोर्ट तैयार की गई उसके हिसाब से जनसुनवाई हुई है और यह फाइनल यह नहीं है ड्राफ्टिंग है तो यह जनसुनवाई इसीलिए होती है आपके विचारों को जो भी परामर्श आप देते हैं उन सब को नोट किया जाता है और नोट करने के उपरांत फाइनल ईआईए रिपोर्ट बनाई जाती है और इसको फिर अपलोड किया जाता है यह जो वन एवं पर्यावरण मंत्रालय का जो वेबसाइट है फिर अपलोड किया जाएगा पब्लिक व्यू में होता है आप लोग भी देख सकते हैं क्या उसमें नोट करते हैं क्या उस रिपोर्ट में है क्या उसमें चेंज किए गए हैं आपके विचार और सुझाव उसमें समावेश किए गए हैं कि नहीं किए गए हैं इन सब को पालन कर सकते हैं इन सबको समावेश किया जाएगा और उसके बाद ही फाइनल ईआईए रिपोर्ट का वहां पर अप्रेजल होगा और यह काफी हाई लेवल कमिटी होती है दिल्ली में अप्रेजल होगी हम लोग रिपोर्ट को प्रेजेंट करेंगे जब तक सेटिस्फाई नहीं होंगे रिपोर्ट से तब तक एनवायरमेंटल क्लीयरेंस नहीं मिलेगा इसके बाद आपके कुछ पॉइंट आए थे जैसे मैं संक्षिप्त में बताना चाहूंगा की जो लैंड के बारे में आपने

बताया था 92 एकड़ का लैंड, लैंड पूरी तरह से इसका डिटेल अपलोड किया गया है साइड में उसके आधार पर ही टीओरआर का डिसीजन हुआ था अप्रेजल हुआ था और यह रिवाइज्ड तौर पर 2024 में आई थी लैंड के आधार नहीं दिया गया था उसके बाद जो प्रोजेक्ट इनका चल रहा है जो डी आर आई और डब्ल्यू एच आर बी इसका सी.टी.ई. है सी.टी.ओ. है सारा इसको उसी से मिला हुआ है इसके आधार पर चला रहे हैं और वैलिड है तीसरा पॉइंट था जो इंपॉर्टेंट है की पानी का परमिशन नहीं है बोरवेल का एक्सपायर होने से पहले इसका आवेदन दे दिया गया था और भी 21 मई 2027 तक वैध है इसको मैं यहां पर क्लियर करना चाहता हूं चौथा इंपॉर्टेंट पॉइंट था रिगार्डिंग ईआईए कंसलटेंट यह कंसलटेंट का एक बहुत ही एग्जॉस्टिक प्रोसेस है कोई भी ईआईए रिपोर्ट तब ईआईए रिपोर्ट तैयार नहीं कर सकता इसके लिए नेबेट पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नेबेट को यहां पर यह किया है रिक्वायर्ड है पूरी तरह से जितने भी कंसलटेंट है ईआईए रिपोर्ट का असेसमेंट किया जाता है सारा एविडेंस तैयार किया जाता है सभी आपको वेबसाइट में मिलेगा मेरा नाम भी मिलेगा और कंपनी के और लोग हैं उनका नाम भी मिलेगा आप देख सकते हैं वेबसाइट में नेबेट के साइड पर मिलेगा जो यह परिवेश पोर्टल है जो एमओईएफ का साइट है वहां पर आप हमारी कंपनी का नाम आप देख सकते हैं कब तक वैलिड है जैसे आपने बोला की वैलिडिटी खत्म हो गई है यह सही नहीं है वैलिडिटी अभी दिसंबर 2025 तक है अरे समय–समय पर बढ़ते रहता है यह जो मेजर पॉइंट्स थे आपके और दूसरा है टी.ओ.आर कंप्लायंस ईआईए रिपोर्ट में नहीं दिया गया है अब देखिएगा यह रिपोर्ट के लास्ट में बहुत सारे पेजेस हैं ओ टी.ओ.आर कंप्लायंस ही है पूरे पॉइंट के साथ दिया हुआ है कंप्लायंस नहीं होता तो रिपोर्ट हम लोग सबमिट नहीं करते दूसरा है जो डाटा लिया गया था एक बार 2021 में एक बार 2024 में क्योंकि जो ये गाइडलाइंस के हिसाब से जो नोटिफिकेशन है उसमें 3 साल वैलिड होना चाहिए डाटा प्रक्रिया चल रहा था टी.ओ.आर का अमेंडमेंट हुआ यह जो प्रोजेक्ट प्रपोनेंट है सभी सीरियस होते हैं यह ज्यादा सीरियस है और हम लोगों की बात इन्होंने मानी है जब तक बहुत सारा इनफॉरमेशन इकट्ठा नहीं हुआ है तब तक हमने एप्लीकेशन नहीं दिया है सबकी क्रिएटिविटी होती है क्रेडेंशियल 3 साल का समय चला गया और जब रिवाइज्ड टी.ओ.आर. आया हम लोग को बेसलाइन डाटा एक बार और जनरेट करना पड़ा क्योंकि 3 साल खत्म हो चुके थे और उसके बाद ही पब्लिक हियरिंग में हम लोग यहां आए हैं यहां सभी पूरी चीजों को सब्सीट्यूट किया गया है वह सब को देखा गया है किसी चीज को नजर अंदाज नहीं किया गया है इवेन जो बोला गया यहां पर सीएसआर के बारे में बात हुआ है पब्लिक हियरिंग उसी के लिए हो रहा है क्योंकि पहले सीईआर रिपोर्ट हुआ करता था अभी जो एम एमओईएफ का नोटिफिकेशन है पब्लिक हियरिंग में जो भी मुद्दे उड़ाते हैं इसके अगेंस्ट में प्रोजेक्ट प्रपोनेंट को फिजिकल टर्म में काम करना पड़ेगा जब तक की प्रोजेक्ट पूरा नहीं होता है तो यह काम करेंगे उसमें पैसा खर्च होगा जो आप लोगों ने मुद्दे उठाए हैं निश्चित रूप से ईआईए रिपोर्ट में डाल देंगे तो सारी बातों को रिकॉर्ड की गई है हम लोग हर चीज का एनालिसिस करेंगे आकलन करेंगे सबको डाला जाएगा यहां पर डालने के बाद हम लोग विजिट करेंगे जो गाइडलाइंस के हिसाब से

है उसके बाद ही पर्यावरण स्वीकृति वहां से होगी उसके बाद ये डोलोचार के बारे में बोला गया था जैसे मैं 2018 में भी यहां पर आया था पब्लिक हियरिंग को फेस किया था उसे समय भी मुद्दा उठाया गया था डोलोचार का, तो डोलोचार का एबीसी बॉयलर का प्रावधान था उस समय भी लेकिन एमओईएफ ने मंजूरी नहीं दी थी क्रिटिकल एरिया के दायरे में ही आता है लेकिन उसमें दिया गया था काफी एरिया पोल्यूटेड हो चुका है यहां पर तो एफबीसी को आप यहां से दूर कहीं भी कीजिए दूसरे जगह कीजिए इसलिए इनको मंजरी नहीं मिला वहां से लेकिन अभी मिली है तो काफी बड़ा प्लांट आ रहा है डीआरआई प्लांट लगाऐंगे यहां पर तो डोलोचार का प्लांट लगेगा आप लोगों के सहयोग से एफबीसी लगाने से इसका निराकरण होगा दूसरा हो गया फ्लाई ऐश के बारे में एक्चुअली में अगर पावर प्लांट होता तो फ्लाई ऐश का यहां उत्पादन होता लेकिन चुकी कोई पावर प्लांट नहीं है तो फ्लाई एस उत्पादन नहीं है यहां पर सिर्फ डोलोचार का हो रहा है तो फ्लाई इस जब पावर प्लांट आएगा तो सीमेंट में यह स्टैंडर्ड प्रैक्टिस है सीमेंट में उसे करते हैं और पैसा दे कर लेते हैं ईंट निर्माण के लिए किया जाता है गाइडलाइंस के हिसाब से है जितने भी प्रोजेक्ट वगैरा लगाएंगे उसमे फ्लाईऐश को यूज करना है गाईडलाइंस के हिसाब से बहुत सारे गाइडलाइन है गवर्नमेंट के उसके बाद एंप्लॉयमेंट की बात है विस्तार होता है तो एंप्लॉयमेंट तो जो प्रोजेक्ट प्रतिनिधि हैं मतलब वह भी कंफर्म कर लेंगे और हियरिंग रिपोर्ट में उसको डाला जाएगा तो एंप्लॉयमेंट होगा और सीएसआर जो देंगे उसमें स्किल डेवलपमेंट का भी प्रावधान है यहां पर कंसर्न यह भी उठा है और यह बात बहुत हद तक सही है जो इंस्टीट्यूशंस आएंगे गवर्नमेंट का इसमें काम है बाकी कुछ भी नहीं कर सकते लेकिन अगर पब्लिक के डिमांड होगा तो और इंस्टीट्यूशंस आ सकते हैं यहां पर और स्किल डेवलपमेंट के लिए प्रोजेक्ट प्रोपोनेंट जो पैसा खर्च कर सकता है लेकिन गवर्नमेंट के साथ ही मिलकर इसको करना होगा फिर इसमें जो भी समुदाय के विकास के लिए कार्य होते हैं यह गवर्नमेंट के साथ मिलकर ही करना है आवश्यकता के अनुसार होता है तो जो यहां के लोगों की आवश्यकता होगी जिस गांव में हो सकता है उतना ज्यादा जहां डेवलपमेंट नहीं हुआ है उसके ऊपर फोकस ज्यादा दिया जाएगा और यह और इसमें आप लोगों को का भी सहयोग होना चाहीये। क्योंकि हो सकता है एक साल, दो साल, पांच साल लगेगा क्योंकि प्रोजेक्ट एक या दो साल में नहीं हो सकता है तो जब तक लगेगा उस हिसाब से गाईडलाईन के हिसाब से पैसा खर्च करेंगें लेकिन यह पब्लिक हियरिंग बहुत ही इम्पोरटेंट है क्योंकि इसमें जो इश्यू उठेगा उसके अगैंस्ट में पैसा खर्च करेंगे। फिर इसमें जीरो डिस्चार्ज के बारे बात हो रही थी तो अभी तक जो हम लोगों का सर्वे था प्लांट के तरफ से जो भी अभी संचालित हो रही है उसमें कोई डिस्चार्ज नहीं हो रहा है और जो भी फ्यूचर में प्लांट लगाया जायेगा ये चूंकि इंटिग्रेटेड होगा तो आप समझ कर चलिये की अभी जो प्लांट चल रहा उससे बेटर होगा क्योंकि जो ये इंटीग्रेट प्लांट होता है तो एक तरफ रॉ मटेरियल होता है और तरफ प्रोडक्ट होता है अल्टीमेटली वह फाइनल होता है अभी क्या यह डीआरआई में चल रहा है इसी का ये रॉ मटेरियल है इनका प्रोडक्ट है अब क्या होगा इण्डक्शन चलेगा उसमें डीआरआई होता है उसके बाद इंडक्शन से मटेरियल आयेगा तो ये सब होने से क्या

है सारा इन्टीग्रेटेड होगा ये प्लांट बहुत बेहत्तर होगा फिर रोलिंग मिल में क्या होगा डायरेक्ट हॉट बिलेट्स होगा उसमें कोई एमिशन नहीं होगा डायरेक्ट फायनल प्रोडक्ट होगा ये सारा इन्टीग्रेटेड होकर प्रोडक्ट जायेगा ओ बेटर होगा इसमें क्या होता पानी का रिसायक्लिंग होगा जो दैट इज मच–मच बेटर तो इसको ध्यान में रखा गया है। ये जो सारी छोटी मोटी चीजे होती है ऐ एविडेंस होते हैं ये पर्यावरणीय सलाह के रूप में हमारी भी जिम्मेदारी होती है की एक अच्छी रिपोर्ट बने हम इसी बिजनेस में है ये हमारा प्रोफेशनल है तो अफकोस हम इस पर ध्यान देंगें हो सकता है कुछ कमी हो जायेगी क्योंकि यह बहुत ही क्रिटिकल सब्जेक्ट है यह किसी के कमांड में नही है पूरी दूनिया में नहीं है तो हमारे में भी कैसे होगा जब तक पब्लिक को सहयोग नहीं होगा लोकल चीजें नहीं होगा आपका सहयोग हमेशा से ही चाहिये उम्मीद करता हूं आगे बेहत्तर होगा ये रायगढ़ का और भी विकास होगा आपका विकास होगा इसी शुभकामना के साथ धन्यवाद।

पीठासीन अधिकारी महोदया द्वारा समाप्ति की घोषणा – लोकसुनवाई के दौरान 04 अभ्यावेदन प्रस्तुत किये गये तथा पूर्व में 02 अभ्यावेदन प्राप्त हुये है। लोक सुनवाई में लगभग 600 लोगों का जन समुदाय एकत्रित हुआ। उपस्थिति पत्रक पर 140 लोगों ने हस्ताक्षर किये। संपूर्ण लोक सुनवाई की वीडियोग्राफी की गई है। लोक सुनवाई में उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद! आज की लोकसुनवाई की समाप्ति की घोषणा की जाती है।

(अंकुर साहू)
क्षेत्रीय अधिकारी
छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायगढ़ (छ.ग.)

(संतन देवी जांगड़े)
अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी
जिला–रायगढ़ (छ.ग.)